# स्वदेशी अपनाने से देश आत्मनिर्भर बनेगा

## प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम में सांसद आलोक शर्मा ने कहा



**भोपाल, 28 सितम्बर. मंगलवारा चौराहे पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम की विशेष थीम स्वदेशी वस्तुओं पर केंद्रित रही.**

कार्यक्रम में भोपाल सांसद आलोक शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. इस दौरान प्रजापति समाज के साथ मिल कर उन्होंने दीपावली पर स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया. प्रजापति समाज की महिलाओं के साथ मिलकर उन्होंने मूर्तियों पर रंग भरे एवं हाथ से बने मिट्टी के दीये, लक्ष्मी-गणेश प्रतिमाएं और आकर्षक डिजाइन वाले मटके प्रदर्शित किए. सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि पिछले 100 वर्षों से प्रजापति समाज इसी परंपरा को आगे बढ़ा रहा है. उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की सराहना करते हुए कहा कि स्वदेशी अपनाने की यह भावना ही देश की आर्थिक प्रगति और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देगी. उन्होंने कहा कि यह भूमि उनके लिए जन्मभूमि भी है और कर्मभूमि भी. कार्यक्रम में कई लोग मौजूद थे.

### सांसद ने कन्या पूजन कर लिया आशीर्वाद

साहू समाज मंदिर में रविवार को आयोजित सांस्कृतिक में बच्चों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता हुई, जिसमें बच्चों ने मां दुर्गा एवं पर्व से जुड़े चित्र बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया. कार्यक्रम के दौरान सांसद शर्मा ने भी कन्या पूजन कर आशीर्वाद लिया.

# स्कूली छात्राएं सीख रहीं इंजीनियरिंग

▶ जूनियर व सीनियर टक्नीशियन का मिल रहा सर्टिफिकेट



**साक्षी केसरवानी**

**भोपाल, 26 सितम्बर. डॉक्टर इंजीनियर बनने का सपना तो हर कोई देखता है. लेकिन ये इतना आसान भी नहीं जितना लगता है. लेकिन अगर स्कूली शिक्षा में ही बच्चों को इंजीनयरिंग वाले गुण सीखने को मिल रहा हो तो सपनों को पंख लगने में देर नहीं लगती.**

टीटी नगर स्थित कमला नेहरू शासकीय कन्या विद्यालय में बच्चों को कुछ ऐसी ही तकनीकि सुविधाएं दी जा रही हैं, जो न केवल छात्राओं को स्किल्स सीखने में मदद कर रही हैं, बल्कि टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में कई प्रोजेक्ट पर काम करके खुद को परिपक्व कर रही हैं. इन प्रोजेक्ट के माध्यम से छात्रायें सोलर पैनल बनाना सीख रही हैं. ये छात्रायें स्नातक या किसी उच्च शिक्षण क्षेत्र की नहीं बल्कि 9 वीं से 12 वीं कक्षा की हैं. जो अपने जरूरी विषयों के साथ वोकेशनल स्किल्स का विषय चुनकर खुद को विज्ञान और कम्प्यूटर आधारित क्षेत्रों में नई उपलब्धि हासिल कर रही हैं. आज हर बच्चा डिजिटल लर्निंग की ओर बढ़ रहा है. नई नई स्किल को सीखना चाहता है. अधिक फीस और संसाधनों की कमी के कारण इच्छायें अधूरी रह जाती हैं. लेकिन राजधानी में बना संदीपनी स्कूल ने छात्रों को बेहतर विकल्प दे रहा है.

**जूनियर और सीनियर टेक्नीशियन का मिल रहा सर्टिफिकेट:** विद्यालय में छात्राओं को दो तरह की लैब सुविधा दी जा रही है. वोकेशनल स्किल्स का विषय चुनकर छात्रायें पूरे दो साल के लिए पढ़ रही हैं. जिसके बाद केंद्र सरकार के द्वारा जूनियर टेक्नीशियन और सीनियर टेक्नीशियन का सर्टिफिकेट भी दिया जा रहा है. जो छात्रों को आगे के करियर में मददगार होगा.



पढ़ाई के साथ स्किल्स भी जरूरी होती है. इसी दिशा में इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर की लैब में बच्चे सोलर पैनल प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं और कम्प्यूटर के क्षेत्र में बच्चे कई सारी प्रोग्रामिंग लैंग्वेज भी सीख रहे हैं, जिसमें पाइथन जैसी प्रोग्रामिंग भाषा शामिल है.

**– मनीषा जायसवाल,** वोकेशनल स्किल्स टीचर, कमला नेहरू शासकीय कन्या विद्यालय



वोकेशनल स्किल्स के अंतर्गत हमारे यहां प्रैक्टिकल लर्निंग के लिए इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर और आईटी की लैब बनाई गई हैं, जिसमें बच्चों को प्रैक्टिकल लर्निंग के साथ समय समय पर क्रिस्प, निफ्ट जैसे अन्य संस्थानों की विजिट भी करायी जाती है, जिससे वह बेहतर समझ के साथ प्रैक्टिकल लर्निंग को सीख सकें.

**– संगीता सक्सेना,** प्रिंसिपल, कमला नेहरू कन्या विद्यालय

अन्य स्कूलों में भी इतनी अच्छी सुविधाए नहीं मिलती हैं, जैसी यहां हमें मिल रही है. बाहर कही से इन्ही स्किल्स को सीखने में काफी पैसे लगते हैं, लेकिन यहां हम बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के सभी चीजों को सीख पा रहे हैं.

**– अस्मिता लोधी,** छात्रा

लैब के माध्यम से हम अलग अलग प्रोजेक्ट पर काम करते हैं, जैसे अभी हम लोग सोलर बनाने की प्रक्रिया को समझ रहे हैं और इस पर कार्य कर रहे हैं.

**– दिशा पाटिल,** छात्रा

अभी यह मेरा पहला साल है वोकेशनल स्किल्स विषय में, तो हम लोग हार्डवेयर और टूल्स के बारे में एक-एक करके समझ रहे हैं, जो कि हमारे जीवन में भी यह हेल्पफुल होता है.

**– सुहानी सिंह,** छात्रा



# 200 से अधिक रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण

### सेवा पखवाड़ा के तहत शिविर आयोजित

**मंडीदीप, 28 सितंबर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में जगह जगह आयोजित हो रहे सेवा पखवाड़े के कार्यक्रम के मौके पर बीजेपी ग्रामीण मंडल के तत्वावधान में रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे इमलिया गौडी के गौशाला प्रांगण में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में आसपास के 10 गांव के करीब 200 महिला एवं पुरुष ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई, जिसमें मुख्य रूप से हमीदिया के डॉक्टर राजीव गुप्ता, जेके हॉस्पिटल के डॉ राजेश गुप्ता के द्वारा जांच की गई. सेवा पखवाड़े के कार्यक्रम के साथ ही नरेंद्र मोदी के मन की बात भी सुनी गई, जिसमें क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र पटवा, जिला महामंत्री रविंद्र विजयवर्गीय, जिला उपाध्यक्ष अरविंद जैन, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष महेंद्र मैथिल, उपाध्यक्ष राजेंद्र नगर समेत कई कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे.

# बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने किया गरबा



**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 28 सितंबर. नवरात्र के पवन अवसर पर बैठक आर्ट हाउस में अनोखे और आकर्षक गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया.**

संस्कार गरबा महोत्सव का शुभारंभ रात 7 बजकर 46 मिनट पर मुख्य अतिथि के आने पर हुआ. महोत्सव में भागीदारी देने वाले स्वयं लोगों ने एक महीने से गरबा की तैयारी की जिसके बाद अनोखी प्रस्तुति दी. तीन वर्षों से लगातार आयोजित होने वाला संस्कार महोत्सव ने इस बार भी लोगों के दिलों पर छाप छोड़ी. शहर के विभिन्न हिस्सों से 6 वर्ष से 60 वर्ष आयु की महिलाओं ने अपनी भागीदारी दी. महोत्सव में विशेष पुरस्कार प्रदान किये गए. साथ ही पंजाबी, मराठी, गुजराती, बॉलीवुड इत्यादि थीम पर अलग-अलग दिन महिलाओं ने पारंपरिक गरबा करके उत्साह पूर्वक आनंद लिया. कार्यशाला के अंतर्गत प्रतिदिन मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कार प्रदान कर बच्चों और महिलाओं को प्रोत्साहित किया गया. भोपाल का पहला ऐसा गरबा है जिसमें प्रतिदिन महिलाओं को पुरस्कार दिए गए. इसका उद्देश्य मात्र पारंपरिक संस्कृति का निर्वाह करना है. कार्यक्रम का आयोजन 28 सितंबर को महाराणा प्रताप हाल चार इमली पर रखा गया. कार्यक्रम का संयोजन आयोजन धुपद गायिका सुरेखा कामले फाऊंडर बैठक द आर्ट हाउस एवं रंजीत एडवाइजर बैठक द आर्ट हाउस के द्वारा आयोजित किया गया. गरबा ट्रेनर दुर्गा मिश्रा और वर्तिका सामाजिक एवं सांस्कृतिक उत्थान समिति भोपाल ने महिला एवं बच्चों को ट्रेनिंग देकर प्रोत्साहित किया हैं.

# युवक पर लगाया छेड़खानी का आरोप

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 28 सितंबर.** छेड़छाड़ और ब्लैकमेलिंग करने वाले एक आरोपी के खिलाफ महिला ने शिकायत दर्ज कराई है. कोतवाली थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. महिला ने पुलिस को दिए शिकायती आवेदन में बताया है कि आरोपी विजय सिंह राठौर से उसकी कुछ महीने पहले जान पहचान हुई थी. इस दौरान दोनों के बीच फोन पर बातचीत हुई, जब महिला को पता चला कि आरोपी शादीशुदा है तो वह उससे दूर रहने लगी, जिससे आरोपी महिला को कॉल रिकार्डिंग और चैट्स दिखाते हुए ब्लैकमेल भी करना लगा. महिला ने बताया है कि वह उसका आए दिन पीछा करता है. आरोपी कई बार महिला की छवि खराब करने के लिए उसकी चैट्स भी लोगों को दिखा चुका है.

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का निकला पथ संचलन



**मंडीदीप, 28 सितंबर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है. इसी उपलक्ष्य में औद्योगिक नगर में पथ संचलन निकाला गया.**

संघ के स्वयंसेवक शाम 5 बजे नगर के मंगलबाजार स्थित शासकीय खेल मैदान में एकत्रित हुए. यहां मुख्य अतिथियों में जिला संघ चालक कामता प्रसाद तिवारी नगर संघ चालक किरण कुमार जैन, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के प्रांत प्रचारक स्वप्निल कुलकर्णी सम्मिलित हुए. सामूहिक ध्वज वंदना और प्रार्थना के बाद पथ संचलन शुरू हुआ, जो मंगल बाजार खेल मैदान से इंद्रपुरी चौराहा, गणेश चौक, राधा कृष्ण चौक, शनिवार बाजार होते हुए विवेक जागृति रोड से वापस खेल मैदान पहुंचा. यहां पथ संचलन का समापन हुआ. संघ के पथ संचलन से पूर्व आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम में अतिथि वक्ता स्वप्निल कुलकर्णी ने संगठन के मूल कार्य और शताब्दी वर्ष के संकल्पों पर विचार व्यक्त किए. उन्होंने कहा कि संघ का मुख्य कार्य व्यक्ति निर्माण है, जिससे अनुशासित और देशभक्त स्वयंसेवक तैयार होते हैं. वक्ता ने पांच विशेष संकल्प बताए -समाज में समरसता स्थापित करना, अस्पृश्यता दूर करके समान भाव जगाना, परिवार और कुटुंब व्यवस्था की रक्षा करना, पर्यावरण के प्रति संवेदनशील जीवन अपनाना व स्वदेशी को देशभक्ति मानकर आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना. उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक जीवन में अनुशासन और कानून का पालन करते हुए समाज को संगठन और एकता के मार्ग पर अग्रसर करेंगे. उन्होंने विश्वास जताया कि शताब्दी वर्ष तक संघ और अधिक संगठित तथा सशक्त रूप में देश के गौरव को ऊँचा करेगा. नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ पथ संचलन वापस खेल मैदान पहुंचा, यहां संघ की परंपरा के अनुसार आयोजन का समापन हुआ.

### सोहाया में स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

**बैरसिया.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा भोजपुर जिले में मां हरसिद्धि खंड के सोहाया मंडल में रविवार को पथ संचलन निकाला गया. कार्यक्रम में संघ के प्रांतीय अधिकारी लोकेन्द्र सिंह ने कहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में हुई, तब से लेकर आज तक संघ व्यक्ति निर्माण के कार्य में लगा हुआ है. संघ समाज में शताब्दी वर्ष के निमित्त सभी मंडलों में कार्यक्रम के माध्यम से पंच परिवर्तन के विषयों को लेकर चल रहा है, जिसे प्रत्येक स्वयंसेवक को स्वयं से ही शुरूआत करनी होगी.

# जिस घर में नारी का सम्मान, उस घर में ईश्वर का वास : मंत्री गौर



**भोपाल,28 सितम्बर. पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने रविवार को सेवा पखवाड़ा के तहत 2000 से अधिक महिलाओं और वयस्क लड़कियों को सेनेटरी पैड और भोजन वितरित किया.**

उन्होंने कहा कि जिस घर में नारी को सम्मान मिलता है, वहीं समृद्धि और ईश्वर का वास होता है. ऐसे घर की प्रगति को कोई रोक नहीं सकता. राज्यमंत्री गौर नवरात्रि के पावन अवसर पर कृष्णा सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा बागमुगालिया के वार्ड-53 में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुईं. राज्यमंत्री गौर ने शक्ति स्वरूपा माताओं-बहनों से संवाद करते हुए कहा कि नारी का स्वास्थ्य ही परिवार और समाज की सशक्त नींव है. उन्होंने महिलाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छता का संकल्प भी दिलाया. उन्होंने कहा कि इस पहल से महिलाओं के जीवन में स्वास्थ्य-सुरक्षा व आत्मविश्वास का संचार होगा.

# बारिश की संभावना, कहीं हल्की आंधी

## कई जिलों में आज दोपहर से मौसम बदलने का अनुमान



**भोपाल,28 सितम्बर. मध्यप्रदेश के कई जिलों में आज दोपहर से मौसम बदलने का अनुमान है.**

पश्चिम और मध्य जिलों में मध्यम गरज के साथ बारिश की संभावना है, जबकि कुछ दक्षिण-पश्चिमी जिलों में हल्की आंधी के साथ बारिश देखने को मिल सकती है. मौसम विभाग ने बताया कि बड़वानी, बावनगजा, खंडवा, ओंकारेश्वर, देवास, सीहोर, हरदा और अलीराजपुर जिलों में बिजली बारिश के साथ मध्यम गरज के साथ बारिश होने की संभावना है. मौसम विभाग ने बताया कि यह गतिविधि मुख्य रूप से दोपहर के समय देखने को मिल सकती है. लोगों को सलाह दी गई है कि वे बिजली गिरने और तेज हवा के लिए सतर्क रहें. किसानों को भी सलाह दी गई है कि वे हल्की आंधी व बारिश से खेतों और फसलों की सुरक्षा के इंतजाम कर लें.

खरगोन, महेश्वर, बुरहानपुर, धार, मांडू, इंदौर, एपी, झाबुआ, नर्मदापुरम, पचमढ़ी, बैतूल, मंदसौर, गांधी सागर व नीमच जिलों में बिजली बारिश के साथ हल्की आंधी चलने की संभावना है. मौसम विभाग ने इन जिलों के निवासियों से बाहर निकलते समय सतर्क रहने और कमजोर संरचनाओं के पास न खड़े होने की सलाह दी है. दोनों प्रकार की मौसम गतिविधियां मुख्य रूप से दोपहर के समय अनुमानित हैं.

# बाल विवाह के मामलों में आई कमी

### कृषक सहयोग संस्थान ने 3 साल में रुकवाए 1463 बाल विवाह

**मंडीदीप, 28 सितंबर.** भारत ने बाल विवाह की रोकथाम में अभूतपूर्व सफलता हासिल कर विश्व के लिए मिसाल कायम की है. जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, देश में बाल विवाह की दर में भारी गिरावट आई है. लड़कियों में यह दर 69 प्रतिशत और लड़कों में 72 प्रतिशत घटी है. यह जानकारी देते हुए कृषक सहयोग संस्थान के निदेशक डॉ एच बी सेन ने बताया कि रायसेन जिले में कृषक सहयोग संस्थान ने जिला प्रशासन व पंचायतों के साथ मिलकर तीन सालों में 1463 बाल विवाह रुकवाए और परिवारों से संकल्प पत्र भरवाए. रिपोर्ट दिखाती है गैरसरकारी संगठनों, पंचायतों और स्कूलों की सक्रिय भागीदारी से केंद्र सरकार का बाल विवाह मुक्त भारत अभियान तेज़ी से असर दिखा रहा है. 99 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि उन्होंने इस पहल के बारे में इन्हीं माध्यमों से जाना. हालांकि, रिपोर्ट ने शिक्षा में असमानता और गरीबी, सुरक्षा व परिवहन की कमी जैसी चुनौतियों पर भी रोशनी डाली, जो बाल विवाह के पीछे मुख्य कारण हैं. जेआरसी के राष्ट्रीय संयोजक रविकांत ने कहा कि रोकथाम और सख्त कानून ने समाज में जिम्मेदारी की भावना बढ़ाई है. इसे समाप्त करने का लक्ष्य और भी सशक्त हो गया है. रिपोर्ट ने इस दिशा में विवाह का अनिवार्य पंजीकरण, बेहतर कानून प्रवर्तन व जागरूकता बढ़ाने को सिफारिश माना है.इस उपलब्धि ने भारत को न सिर्फ बाल अधिकार संरक्षण में नई ऊंचाई दी है बल्कि दुनिया के लिए एक सशक्त मॉडल भी प्रस्तुत किया है.

# गौवंश वध का वारंटी बदमाश गिरफ्तार

**भोपाल, 28 सितंबर.** ऐशबाग थाना पुलिस ने गौवंश वध के एक वारंटी बदमाश को गिरफ्तार किया है. 27 सितबंर को सूचना मिली थी कि वांरटी मोह. रूसी उम्र 48 साल निवासी ऐशबाग सुभाष फाटक की तरफ घूम रहा है. मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को रोककर जिला दंडाधिकारी के आदेश से उसे अवगत कराया. इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया. वारंटी का मेडिकल परीक्षण केन्द्रीय जेल भोपाल में किया गया. शहर में त्योहारों के मध्य नजर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस उपायुक्त जोन - 1 भोपाल आशुतोष गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-1 रश्मि अग्रवाल दुबे, सहायक पुलिस आयुक्त बिट्टू शर्मा जहांगीराबाद संभाग के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी थाना ऐशबाग निरीक्षक विजय बहादुर सिंह सेंगर के नेतृत्व में एनएसए के गिरफ्तारी वारंटी की धरपकड़ के लिए टीम का गठन किया था.

# आधार अपडेट अभियान का दूसरा चरण शुरू

**भोपाल ,28 सितम्बर.** प्रदेश में आधार सेवा से कई लाख बच्चे इन सभी से वचिंत हैं .1 अक्टूबर से प्रदेशभर के स्कूलों में आधार अपडेट का विशेष अभियान शुरू होगा. इसका उद्देश्य है कि 5 और 15 वर्ष की आयु पार कर चुके छात्रों का बायोमेट्रिक डेटा अपडेट किया जाए. सरकारी आंकड़ों के अनुसार, करीब 26 लाख छात्रों का आधार अभी तक अपडेट नहीं हुआ है.


Chola Enter a better life

## चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालय : चोला क्रेस्ट, सुपर बी, सी-54 और सी-55, 4, थिरू वी का इंडस्ट्रियल एस्टेट, गुइंडे, चेन्नई-600032 (तमिलनाडु)

### मांग नोटिस

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (नियम) के प्रावधानों के अंतर्गत**

अधिनियम के तहत चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (सुरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नियम 3 के साथ धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी किया है, जिसमें निम्नलिखित ऋणदाताओं से कहा गया है कि वे संबंधित नोटिस में उल्लिखित राशि को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुका दें. नीचे हस्ताक्षरकर्ता का मानना है कि ऋणकर्ता मांग नोटिस की सेवा से बच रहा है, इसलिए नियमों के अनुसार नोटिस की सेवा संलग्न और चिपकाने से प्रभावित हो रही है. मांग नोटिस की सामग्री नीचे उद्धृत की गई है :-

| क्र. | उधारकर्ता और सह-उधारकर्ता का नाम एवं पता | ऋण राशि | डिमांड नोटिस की तिथि एवं बकाया राशि | संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋण खाता संख्या: HL05VID000048616<br>1. श्री/श्रीमती सुनील कुमार<br>2. श्री/श्रीमती सुमन देवी<br>**पता-** गिरधर कॉलोनी, बंटी नगर, विदिशा, मंदिर, विदिशा, मध्य प्रदेश - 464001. **यह भी पता-** ग्राम डाबर, पटवारी हल्का क्रमांक 67, नया 08, विदिशा, जिला विदिशा, कमला सिटी, बाईपास रोड, विदिशा - 464001. | रु. 20,00,000/- | 15.09.2025<br>10.09.2025 तक रु. 20,80,643/-<br>(रु. बीस लाख अस्सी हज़ार छह सौ तिरतालीस मात्र) | भूखंड/मकान, ग्राम डाबर, पीएच संख्या 67 पुराना, नया 08, नगर क्षेत्र से बाहर, सर्वेक्षण संख्या 25/2/4/1/2, विदिशा, तहसील विदिशा एवं जिला विदिशा, मध्य प्रदेश 464001 का भाग में स्थित है. कुल क्षेत्रफल- 2065.00 वर्ग फुट (191.91 वर्ग मीटर) सीमा- पूर्व- प्रस्तावित सड़क, पश्चिम- विक्रेता की भूमि, उत्तर- अन्य भूमि, दक्षिण- प्रस्तावित सड़क. |

उधारकर्ता को सलाह दी जाती है कि वे मांग नोटिस का अनुपालन करें और इसमें उल्लिखित मांग राशि का भुगतान इस प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर लागू ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, बाउंस शुल्क, लागत और खर्चों के साथ भुगतान की प्राप्ति की तारीख तक करें. उधारकर्ता ध्यान दें कि चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड एक सुरक्षित लेनदार है और उधारकर्ता द्वारा प्राप्त ऋण सुविधा अचल संपत्ति/संपत्तियों के खिलाफ एक सुरक्षित ऋण है जो उधारकर्ताओं द्वारा बंधक रखी गई सुरक्षित संपत्ति है. यदि उधारकर्ता निर्धारित समय के भीतर अपनी देनदारियों का पूरा निर्वहन करने में विफल रहते हैं, तो सुरक्षित लेनदार सुरक्षित परिसंपत्तियों को कब्जे में लेने के लिए अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत सभी अधिकारों का प्रयोग करने का हकदार होगा, जिसमें बिक्री के माध्यम से या अधिनियम और नियमों के तहत उपलब्ध किसी अन्य उपाय को लागू करके इसे स्थानांतरित करना और भुगतान प्राप्त करना शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है. सुरक्षित ऋणदाता को बिक्री या हस्तांतरण के अधिकार को लागू करने से पहले सुरक्षित परिसंपत्तियों को कुर्क करने और/या सील करने का भी अधिकार है. सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री के बाद, सुरक्षित ऋणदाता को बकाया राशि वसूलने के लिए अलग से कानूनी कार्यवाही शुरू करने का भी अधिकार है, अगर गिरवी रखी गई संपत्तियों का मूल्य सुरक्षित ऋणदाता को देय बकाया राशि को कवर करने के लिए अपर्याप्त है. यह उपाय किसी अन्य कानून के तहत सुरक्षित ऋणदाता के लिए उपलब्ध सभी अन्य उपायों के अतिरिक्त और स्वतंत्र है.

उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13(8) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसमें सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में और आगे अधिनियम की धारा 13(13) की ओर, जिसके तहत उधारकर्ता(ओं) को सुरक्षित परिसंपत्तियों का निपटान या उनसे निपटने या बिक्री, पट्टे या अन्यथा (व्यापार के सामान्य क्रम के अलावा) किसी भी सुरक्षित परिसंपत्ति को स्थानांतरित करने से रोका/निषिद्ध किया जाता है (ए), सुरक्षित ऋणदाता की पूर्व लिखित सहमति के बिना और उपरोक्त का अनुपालन न करना उक्त अधिनियम की धारा 29 के तहत दंडनीय अपराध है. डिमांड नोटिस की प्रति नीचे हस्ताक्षरकर्ता के पास उपलब्ध है और ऋणदाता(ओं) यदि चाहें तो इसे नीचे हस्ताक्षरकर्ता से किसी भी कार्य दिवस में सामान्य कार्यालय समय के दौरान प्राप्त कर सकते हैं.

**स्थान : विदिशा, मध्यप्रदेश**
**दिनांक :- 15-9-2025**

**हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी**
**चोलामंडलम इनवेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**


**विश्व हृदय दिवस पर विशेष** 25-40 वर्ष के युवाओं के दिल पर खतरा

# बढ़ते हार्ट अटैक की मुख्य वजह बिगड़ती जीवनशैली



**जूनियर रिपोर्टर**

**भोपाल, 28 सितंबर. हर साल 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को हृदय रोगों के बढ़ते खतरे और उनसे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना है.**

यह दिन हमें याद दिलाता है कि दिल की देखभाल केवल बुजुर्गों के लिए ही नहीं, बल्कि युवाओं के लिए भी ज़रूरी है. आज हार्ट अटैक जैसी गंभीर बीमारी 25 से 40 वर्ष के युवाओं में तेजी से बढ़ रही है और समाज के लिए एक बड़ा स्वास्थ्य संकट बनकर उभर रही है. आज की भागदौड़ भरी ज़िंदगी, तनाव, असंतुलित खानपान, धूम्रपान, शराब, देर रात तक जागना और व्यायाम की कमी युवाओं की धमनियों को समय से पहले बूढ़ा कर रही हैं. इसके साथ ही ब्लड प्रेशर, डायबिटीज़ और कोलेस्ट्रॉल का बढ़ना इस खतरे को और गहरा कर रहा है, जिससे अचानक दिल की धड़कन रुकने जैसी घटनाएं सामने आती हैं. इस संबंध में डॉ. युवराज सिंह रघुवंशी (एमबीबीएस), मेडिकल ऑफिसर, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक, सागर का कहना है कि 25 से 40 वर्ष की उम्र के युवाओं में हार्ट अटैक तेजी से बढ़ रहा है क्योंकि वे अपनी सेहत के प्रति जागरूक नहीं हैं.

आजकल का खानपान बेहद असंतुलित हो गया है और खराब जीवनशैली इस खतरे का सबसे बड़ा कारण बन रही है. उनका कहना है कि यदि युवा नियमित व्यायाम, संतुलित भोजन, तनाव पर नियंत्रण और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण जैसी आदतें अपनाए तो इस गंभीर खतरे से बचा जा सकता है. विश्व हृदय दिवस का संदेश स्पष्ट है कि मजबूत दिल ही लंबी और सफल जिंदगी की नींव है और आज की सावधानी कल की सुरक्षा बन सकती है.